प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित : 21 मई तक पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में लू का रेड अलर्ट।
2. पेट्रोल–डीज़ल फिर हुआ मंहगा : कीमतों में 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी।
3. खतरनाक और लाइलाज बीमारी वाले कुत्तों को लगेगा मौत का इंजेक्शन : सर्वोच्च न्यायालय ने लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने के आदेश को वापस लेने से किया इनकार।

और

4. ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर प्रदेश भर के हनुमान मंदिरों में उमड़ श्रद्धालु : हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ के साथ हो रहा है भंडारों का आयोजन।

————————

प्रदेश के अधिकांश ज़िले भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। बीते 24 घंटों में 47 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा देश भर में सबसे गर्म जनपद के रूप में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 21 मई तक प्रदेश क पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई ज़िलों में पारा 47 डिग्री के पार जाने का अनुमान है। मौसम के प्रकोप को देखते हुए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मजिस्ट्रेटों, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग और राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। एक रिपोर्ट.....

*आज भी राज्य भर में भीषण गरमी और लू की स्थिति बनी हुई है। बुंदेलखंड और कई अन्य इलाके तेज़ धूप और झुलसा देने वाली हवाओं की चपेट में हैं। धीमी हवा के कारण उमस और बढ़ गई है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बांदा में लगातार दूसरे दिन कल भी तापमान देश में सबसे ज्यादा 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास या उससे भी ऊपर बना हुआ है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है और हीट स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने 33 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है और लोगों को विशेष रूप से दोपहर के समय सतर्क रहने की सलाह दी है। राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में अगले एक सप्ताह तक लू के हालात बने रहेंगे, जबकि पूरे राज्य में अगले दो दिनों तक रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रहेगा। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार,लखनऊ।*

———————————

पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में पेट्रोल की कीमत 98 रुपए 40 पैसे प्रति लीटर से लेकर 98 रुपए 91 पैसे प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीज़ल 91 रुपए 73 पैसे से लेकर 92 रुपए 21 पैसे प्रतिलीटर की दर से बिक रहा है। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और होर्मुज़ जलडमरूमध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेज़ी के बाद हुई है। इस बीच प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह

सामान्य है। तेल विपणन कम्पनियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में ईधन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की घबराहट या अतिरिक्त खरीददारी की जरूरत नहीं है।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने जनसुरक्षा को देखते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिए जाने की अनुमति दी है। एक रिपोर्ट.....

*न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि उन क्षेत्रों में कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिया जा सकता है जहां कुत्तों की आबादी खतरनाक स्तर तक पहुंच गईहै और जहां कुत्तों के लगातार काटने और आक्रामक हमलों की घटनाओं से जन सुरक्षा खतरे में पड़ रही हो। न्यायालय द्वारा यह आदेश लावारिस कुत्तों के काटने और रेबीज के मामले से जुडी मीडिया की खबरों के बाद पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान के मामलेमें जारी किया गया है। इस बीच, शीर्ष न्यायालय ने लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थल भेजने और नसबंदी करने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने की मांग से जुडी याचिकाओं को खारिज कर दिया। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

नई दिल्ली में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अल्पसंख्यक आयोगों के कामकाज का आकलन करने के लिए एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सम्मेलन में अल्पसंख्यक समुदायों के

लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, विकास पहलों और अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बाइट.....

*राज्यों के जो अल्पसंख्यक आयोग होते हैं उनका कॉन्फ्रेंस बुलाया गया है। इसमें मुख्य रूप से हर एक स्टेट और यूनियन टेरिटरी में स्टेट माइनॉरिटी कमीशन का फंक्शनिंग को लेकर के और जो माइनॉरिटी कम्युनिटीज का वेलफेयर स्कीम्स डेवलपमेंट और बाकी जो कार्यक्रम है उसका आकलन करने के लिए बुलाया गया है और मैं खुश हूं कि इतने अच्छे से लोगों ने पार्टिसिपेट किए हैं।*

——————————

प्रदेश सरकार ने कहा है कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। वर्तमान में प्रदेश में 13 दशमलव दो आठ लाख मीट्रिक टन यूरिया, 5 दशमलव दो तीन लाख मीट्रिक टन डीएपी समेत कुल 27 दशमलव नौ चार लाख मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में उर्वरक की उपलब्धता पिछले वर्ष की तुलना में 3 दशमलव एक तीन लाख मीट्रिक टन अधिक है। कृषि विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों के लिये अनुदान पर सभी प्रकार के उर्वरकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अनुदानित उर्वरक का दुरुपयोग रोकने के लिये शासन ने किसान पहचान पत्र उपलब्ध कराने वाले किसानों को उनके अभिलेखों के आधार पर ही उर्वरक देने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरकों की अत्यधिक खरीद और अनावश्यक प्रयोग से बचें। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह ब्‌लेटिन हमारे यूट्‌यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ समेत आसपास के विभिन्न जनपदों में हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ में भंडारों के साथ ही भक्तों की ओर से पूरे शहर में भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*जेठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ पूरी तरह हनुमान भक्ति में रंगी नजर आ रही है। सुबह होते ही शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अलीगंज स्थित नए और पुराने हनुमान मंदिर में तड़के चार बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए, जिसके बाद दर्शन–पूजन का सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा। हनुमान सेतु मंदिर, हनुमत धाम, मौनी बाबा मंदिर, त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर समेत शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। प्रचंड गर्मी के बावजूद लोगों की आस्था पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं ने शरबत, पानी, पूड़ी–सब्जी, हलवा और प्रसाद वितरण के भंडारे लगाए। मुमताज़ अली आकाशवाणी, समाचार लखनऊ।*

——————————

उप मुख्यमंत्री कशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों के विकास से ही प्रदेश और राष्ट्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत– जी राम जी  अधिनियम, 2025' ग्रामीण भारत के समग्र उत्थान और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। श्री मौर्य ने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि गांवों के कायाकल्प का महासंकल्प है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना, रोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा हर ग्रामीण परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे विकास की इस मुख्यधारा से जुड़कर गांवों को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सहभागी बनें।

————————

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सही समय पर और उचित मात्रा में बीज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि हर हाल में 31 मई तक सभी विक्रय केंद्रों तक बीज पहुंच जाने चाहिए। सभी प्रमाणित बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि वह अनुदान पर बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल

पर आवेदन करें, जिससे बुवाई का कार्य सुगमता और समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके।

———————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे हैं। उन्होंने बछरावां में सांसद निधि से बने बारात घर काउद्घाटन किया। दो दिवसीय दौरे में राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और महिलाओं के साथ संवाद किया। इसके बाद रायबरेली में पीएसी 25वीं बटालियन के सामने 66 फीट रोड का उद्घाटन किया। कांग्रेस सांसद कल भी अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

———————

लखनऊ में विधि के छात्र–छात्राओं के लिए 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रोग्राम और 11 दिवसीय प्रोजेक्ट वर्क का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ ने इच्छुक विधि छात्र–छात्राओं को सूचित किया है कि वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। आवेदन पत्र लखनऊ के पुराने उच्च न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी जनपद न्यायालय लखनऊ की आधिकारिक वेबसाइट से भी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र 29 मई तक कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

(समाप्त)